# वित्त वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन, साल-दर-साल आधार पर राजस्व में 20% और एबिट्डा में 57ब की बढ़ोतरी

संवाददाता (गुरुग्राम) ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई), भारत की अग्रणी इंटिग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सॉल्युशन्स प्रोवाइडर, ने आज 30 सितंबर, 2021 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

**स्टैंडअलोन**

परफॉरमेंस हाइलाइट्स: वित्त वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही बनाम वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही

– ऑपरेशंस से राजस्व 737 करोड़ रुपए रहा, साल-दर-साल 20.3% और सिक्वेंशियल 18.6% की बढ़ोतरी

– वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 66 करोड़ रुपए की तुलना में 104 करोड़ रुपए का एबिट्डा

– वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 10.6% एबिट्डा मार्जिन की तुलना में 14.1% मार्जिन

– वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 32 करोड़ रुपए के पीएटी की तुलना में 68 करोड़ रुपए, 113% की बढ़ोतरी

– वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 5.1% की तुलना में 9.2% पीएटी मार्जिन

कंसॉलिडेटेड

परफॉरमेंस हाइलाइट्स: वित्त वर्ष 2022 की पहली छमाही बनाम वित्त वर्ष 2021 की पहली छमाही

– ऑपरेशंस से राजस्व 1521 करोड़ रुपए, साल-दर-साल 38% की वृद्धि

– 198 करोड़ रुपए का एबिट्डा, जो वित्त वर्ष 2021 की पहली छमाही में 107 करोड़ रुपए था

– वित्त वर्ष 2021 की पहली छमाही में एबिट्डा मार्जिन 9.6ब था, जो इस बार 13% रहा

– 124 करोड़ रुपए का पीएटी, जो वित्त वर्ष 2021 की पहली छमाही में 42 करोड़ रुपए रहा था, यानी 95% की वृद्धि

– पीएटी मार्जिन 8.1% रहा, जो वित्त वर्ष 2021 की पहली छमाही में 3.8% था

नतीजों पर टिप्पणी करते हुए श्री विनीत अग्रवाल, प्रबंध निदेशक, टीसीआई ने कहा, पिछली तिमाही में अधिकांश उद्योग क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके परिणामस्वरूप हमारी सभी सेवाओं और समाधानों के लिए अच्छा संकर्षण प्राप्त हुआ है। ग्राहकों ने टीसीआई पर भरोसा करना जारी रखा। हमारे तटीय और रेल मल्टीमॉडल एंड-टू-एंड समाधानों की मांग ने ग्राहकों को अपने कार्बन फुटप्रिंट पर बचत करने में सक्षम बनाया। आजकल ग्राहक वैल्यू चेन में दक्षता और इंटिग्रेटेड सिंगल-विंडो सॉल्युशन पर जोर देते हैं, जिसके फलस्वरूप हम थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेवाओं के लिए बढ़ती मांग देख रहे हैं। सरकार द्वारा की गई नई पहलों और सुधारों से भविष्य में अर्थव्यवस्था और लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री को मदद मिलेगी। गति शक्ति मास्टर प्लान मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को सशक्त करने के साथ, एक इंटिग्रेटेड मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता होने की हमारी कार्यनीति को मजबूत करेगा और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए अधिक विजिबिलिटी और फास्ट-ट्रैक कार्यान्वयन प्रदान करेगा। चूंकि इंफ्रास्ट्रक्चर और नवीकरणीय परियोजनाओं में सरकारी निवेश जारी है, खपत बढ़ रही है। टीसीआई अधिकतम बढ़ोतरी के लिए अपने नेटवर्क का अनुकूल प्रयोग करने में सक्षम होगी।